## सार-समाचार

### संत-महंतों का अभिनंदन किया

**डीडवाना**, (नि.सं.)। गुरु पूर्णिमा के मौके पर प्रदेश सरकार की ओर से गुरु वंदन - राष्ट्र अर्पण कार्यक्रम पूरे प्रदेश में आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आदेश के मुताबिक प्रदेश सरकार के मंत्री और आधिकारियों ने राज्य के मंदिरों और देवालयों में पहुंचकर संत महंतों का अभिनंदन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के तहत प्रशासनिक अधिकारियों और भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने डीडवाना - कुचामन जिले में स्थित प्रमुख मंदिरों, संत आश्रमों, विद्यालयों, गुरुकुलों और देवस्थानों में जाकर संत-महात्मा, पुजारी, शिक्षक, लोकगुरु व अन्य मार्गदर्शकों का दुपट्टा, शाल, श्रीफल,पुष्पमाला व सम्मान सामठाी के साथ सम्मान किया गया। डीडवाना के प्राचीन नागोरिया मठ में भी संत महंतों का सम्मान करने के साथ गुरु वंदन जी राष्ट्र अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सिंह जोधा , डीडवाना तहसीलदार सुमेर सिंह और भाजपा पदाधिकारियों ने नागोरिया मठ पहुंचकर सरकार की और से भेजे गए श्रीफल, शाल और अभिनंदन पत्र के साथ गुरु वंदन - राष्ट्र कार्यक्रम के तहत अभिनंदन किया। सरकार के प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह जोधा ने कहा की गुरु पूर्णिमा के मौके पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उनकी सरकार संत महंतों और गुरुओं का अभिनंदन कर आमजन के नाम ये संदेश दे रही है की संत महंत और गुरु हमेशा सम्मानीय है और गुरु पूर्णिमा के साथ साथ हमेशा इनका सम्मान करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा हमारी सनातन परंपरा का आत्मिक उत्सव है। यह केवल पूजा या औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाले गुरुओं के प्रति कृतज्ञता, श्रद्धा और भारतीयता का व्यवहारिक प्रदर्शन है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस पर्व को सेवा, सम्मान और संस्कार के साथ मना रहे हैं, यही संगठन की शक्ति है।तहसीलदार सुमेर सिंह ने भी गुरु पूर्णिमा के मौके पर गुरुओं और मंदिरों के महंतों के सम्मान को प्रेरणादायक पहल बताया।

### ए.डी.ए. कर रहा सघन पौधारोपण

**अजमेर**, (कासं)। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान हरयाळो राजस्थान (एक पेड माँ के नाम ) अभियान के तहत नगरीय विकास विभाग द्वारा प्रदत्त लक्ष्यों के अनुरूप एडीए क्षेत्राधिकार में लगभग 5 लाख पौधो का वितरण/रोपण किया जायेगा। प्राधिकरण आयुक्त नित्या के. ने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिएए प्राधिकरण ने वन विभाग से समन्वय स्थापित कर प्राधिकरण स्वामित्व की योजनाओं की भूमि, पार्को, मुख्य सडकों, डिवाईडर्स तथा मास्टर प्लान अनुसार प्रतिबन्धित श्रेणी की भूमि एवं वन विभाग के स्वामित्व की भूमि चिन्हित करते हुए लगभग एक लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया हैं जिसके तहत प्रथम चरण में 40 हजार पौधों के रोपण एवं देखभाल हेतु राशि रूपये 80 लाख का कार्यादेश वन विभाग को प्रदत्त किया जा चुका हैं। इसके अतिरिक्त एडीए द्वारा प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में अवस्थित विभिन्न डेवलपर्स एवं कॉलोनाईजर्स को प्रोत्साहित करते हुए निजी खातेदारी की विभिन्न अनुमोदित योजनाओं में सघन वृक्षारोपण करने के लिए निर्देशित किया हैं जिसके तहत निजी डेवलपर्स द्वारा लगभग 28,000 पौधों का रोपण निजी योजना क्षेत्र में किया गया हैं। प्राधिकरण द्वारा अभियान के अन्तर्गत विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों एवं संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर समयबद्ध रूप से निरन्तर कार्यक्रम आयोजित कर आमजन एवं राजकीय विभागों को पौध वितरण का कार्य किया जायेगा।

### अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद् ने गुरू पूर्णिमा मनाई

**ब्यावर**, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संगठन के विभाग उपाध्यक्ष मुकेश सोनी ने बताया कि विजयनगर रोड स्थित सोनी वाटिका में प्रवीण भाई तोगड़िया के निर्देशानुसार भगवा धर्म ध्वज को ही गुरु मानते हुए आज संपूर्ण भारत में भगवा ध्वज की पूजा कर भारत अखंड हो तथा भारत विश्व गुरु बने की कामना के साथ गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कुमावत द्वारा धर्म ध्वज को तिलक कर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवा ध्वज, जिसे केसरिया ध्वज भी कहा जाता है, हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह साहस, वीरता, बलिदान और त्याग का प्रतीक है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक राजेंद्र बाड़मेरा, गिरीश सोनी, प्रियंका जैन आदि का भगवा दुपट्टा वं माला पहनाकर सम्मान किया गया। उपस्थित सभी को राष्ट्र रक्षा का संकल्प कराया गया तथा एक पेड़ गुरु के नाम का संदेश देते हुए सालासर बालाजी मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट रमेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष महावीर कुमावत, नगर मंत्री सत्यनारायण बालोदिया,एडवोकेट कपिल जालवाल, चांदमल मुन्नालाल, अभिषेक गुप्ता, महेंद्र सोनी, राजेंद्र बाड़मेरा, गिरीश सोनी, किशन भाटिया, गजराज आचार्य, आदि उपस्थित रहे।

### प्रथम गुरू मां की महिमा का गुणगान

**ब्यावर**, (निसं)। ब्रह्म धाम में आयोजित चातुर्मास कथा के अंतर्गत कथा व्यास पीठ से प्रियांशी भारद्वाज ने आज गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर बताया कि हमारी प्रथम गुरु मां होती है माँ ही हमें अपने परिवार की पहचान करवाती है। जब हम बड़े होते हैं तो विद्या अध्ययन के लिए जाते हैं। हमें वहां पर गुरुजनों का मार्गदर्शन होता है। दत्तात्रेय जी ने 24 गुरु बनाये थे। हम भी अगर किसी से जो भी कार्य सीखते हैं कार्य सीखते हैं वह हमारे गुरु के समान होते हैं। सबसे बड़े हमारे जीवन में आध्यात्मिक गुरु होते हैं जो हमारे परमात्मा से जोड़ते हैं और परमात्मा से मिलने का मार्ग बताते हैं। प्रियांशी जी ने बताया की महाराज ने कहा की आपके पूजने से गुरु स्वामी वेदव्यास जी महाराज जी कामना पूर्ण करता है। इसलिए आप हमसे ज्ञान में बहुत आगे हैं गुरुजी मार्ग बताते हैं उसी पर चलकर हमें परमात्मा की प्रति होगी। ध्रुव जी को मंत्र दिया ओम नमो भगवते वासुदेवाय नारद जी ध्रुव जी आपके साथ बैकुंठ में जा सकते थे पर समझाया कि आप इस मंत्र का इतना जप करो कि परमात्मा को आपके पास आना पड़े। यही मंत्र प्रहलाद जी ने किया उन्होंने परमात्मा की प्राप्ति के बाद मंत्र जाप किया तो परमात्मा नरसिंह रूप में आए नारद जी परम गुरु हैं। वाल्मीकि को भी इन्होंने बताया कि तुम राम नाम जपो परंतु वाल्मीकि जी राम को मारा मारा कहते हुए परमात्मा की प्राप्ति की। तीन लोक 14 भवन के सबसे बड़े गुरु गोविंद है वासुदेव, सुतुदेव, कंस, चरण वासुदेव, सूतम देवम, कंचाचादू, रमंथानम, देवकी, परमानंदम, कृष्ण वंदेम, जगतगुरु हम इन्हीं की शरण को स्वीकार करें और भवसागर से पर हो जाए।

### अवधिपार खाद्य सामग्री नष्ट करवाई

**डीडवाना**, (नि.सं.)। जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत के निर्देशों की पालना जिले में अवधिपार खाद्य सामग्री पर कार्रवाई लगातार जारी है। गुरुवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व जिला रसद विभाग द्वारा की संयुक्त टीम द्वारा कुचामन में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई। इसके तहत जिला रसद अधिकारी उपेंद्र ढाका, प्रवर्तक अधिकारी ओमेंद्र व खाद्य सुरक्षा अधिकारी बाबूलाल की संयुक्त टीम द्वारा कुचामन में स्थित रेस्टोरेंट,बेकरी एवं होटल का निरीक्षण किया गया, जिसमें विभिन्न मैसर्स से मैदा व पास्ता जांच के लिए नमूने लिए गए। इस दौरान मेसर्स ज्ञानमती फूड प्रोडक्ट (जैन बेकरी) से अवधिपार खाद्य सामग्री में मिले आइसक्रीम, बटर,व चीज़ सहित 88 किलोठााम खाद्य सामठाी को मौके पर ही नष्ट करवाया गया और नमूने को जांच हेतु जन प्रयोगशाला अजमेर में भिजवाया गया है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत मिलावट सिद्ध पाए जाने पर संबंधित खाद्य कारोबार कर्ताओ के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कारवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने सभी खाद्य कारोबारकर्ता व दुकानदारों से अपील की गई है कि खाद्य लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है और साफ- सफाई रखने की एवं अवधिपार खाद्य सामठाी को दुकानों में नहीं रखने की हिदायत दी गई है।

### गुरू की कृपा के बिना कुछ नहीं : गोयल

**ब्यावर**, (निसं)। ब्यावर के आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्सव पारंपरिक तरीके से मनाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद नेताजी सुभाष शाखा के अध्यक्ष-टी.सी. गोयल ने की। कार्यक्रम में विद्यालय समिति के अध्यक्ष- रमेश चंद भराडिया,भारत विकास परिषद सचिव अमित सुराणा, भारत विकास परिषद कोषाध्यक्ष- प्रदीप डागा, प्रधानाचार्य-नवीन कुमार सैनी एवं बालिका प्रधानाचार्या-कविता शर्मा, प्राथमिक प्रभारी ममता शर्मा स्थानीय विद्यालय समिति के सदस्य व भारत विकास परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

# वासुदेव देवनानी व रावत ने गुरूओं का आशीर्वाद लिया

**अजमेर**, (कासं)। आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा पर गुरुवार को गुरु पूर्णिमा मनाई। शहर सहित आस पास के इलाकों में गुरुपूजन कार्यक्रम हुए। जयकारों संग शोभायात्रा प्रभातफेरी निकाली गई। शिष्यों ने गुरुओं का माल्यार्पण, तिलक कर वंदन किया। भजन संकीर्तन, नामदान और अन्य आयोजन हुए।

विधानसभा अध्यक्ष और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर पुरानी मंडी स्थित श्री रामद्वारा में महंत स्वामी राम किशोर महाराज, प्रेम प्रकाश आश्रम वैशाली नगर अजमेर में स्वामी ब्रह्मानंद शास्त्री महाराज एवं स्वामी राम प्रकाश महाराज और श्री नृसिंह देव मंदिर होलीदड़ा में महंत श्याम सुंदर महाराज का पावन सान्निध्य एवं आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरूजनों का आशीर्वाद पाकर हृदय भक्ति, श्रद्धा और कृतज्ञता से परिपूर्ण है।

कचहरी रोड स्थित केशव पीठ संस्थान मठ में नवीन गुरुजी ने श्रीनाथ बाबा को रोट का भोग अर्पित किया। प्रभातफेरी व बाबा की शोभायात्रा निकाली गई। नाम, दान, भंडारे का आयोजन हुआ। श्रीनाथ बाबा मंदिर शक्तिमठ प्रतिमा जौहरी आश्रम कांकरदा भूणाबाय में कार्यक्रम हुआ। प्रवीणनाथ बाबा ने शक्तिमठ पर झंडा चढ़ाया। देवीनाथ बाबा व केशव बाबा की समाधि पर फूल बंगला सजाया गया। इसी प्रकार बड़ी नागफणी गोपाल कुंड मंदिर में महंत सरजूदास का माल्यार्पण किया गया। महिला मंडली ने भजन एवं गीत पेश किए। सेवादारी इंदरचन्द पोखरना सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। महर्षि दयानंद सरस्वती निर्वाण स्मारक न्यास में आयोजित कार्यक्रम में प्रधान डॉ. श्रीगोपाल बाहेती ने कहा कि मनुष्य में दान का भाव संस्कार व सत्संग से उत्पन्न होता है। पंडित जागेश्वर निर्मल के ब्रह्मत्व में विशेष यज्ञ हुआ।

श्री शान्तानन्द उदासीन आश्रम, अजमेर रोड चुंगी चौकी के पीछे, पुष्कर में आज गुरु पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह से सम्पन्न हुआ।

महंत राममुनी ने कहा कि यह पर्व हमें याद दिलाता है कि जीवन में आध्यात्मिक मार्गदर्शन कितना आवश्यक है। हमें अपने आचरण से गुरु की शिक्षाओं को जीवन में उतारना चाहिए। महंत हनुमानराम ने प्रवचनों में गुरु पूर्णिमा आत्मचिंतन, आत्मसाक्षात्कार और गुरु के प्रति समर्पण का पर्व है। गुरु ही वह दीपक है जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर हमें सत्य की ओर ले जाता है।

सचिव कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शिवरूद्ध अभिषेक आश्रम परिसर में हवन एवं यज्ञ के आयोजन से हुआ। श्री शान्तानन्द जी महाराज एवं स्वामी हिरदाराम साहिब की चरण पादुका तथा समाधि का विधिवत पूजन किया गया।

गुरू पूर्णिका के पावन अवसर पर आश्रम के महंत हनुमाराम का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर केबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश और सम्मान के रूप में शॉल, नगदी और ड्राईफ्रट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर सभापति कमल पाठक, पुष्कर भाटी, अरूण वैष्णव एवं पदाधिकारियों की मौजूदगी रहे।

तीर्थराज पुष्कर में जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत ने संतजनों का विधिवत पूजन और सम्मान कर किया।

तीर्थराज पुष्कर में संत सुदर्शन दास महाराज (हनुमान गढ़ी), नंदशरण राम महाराज (रामसखा आश्रम), भगवानदास महाराज (गुलाब दास आश्रम), हनुमाना राम महाराज (उदासीन आश्रम), मधुसूदन दास महाराज (दादू दयाल वामदेव आश्रम), अभीराम दास महाराज (गीता आश्रम), सांवरा महाराज (रावत मंदिर) सहित अनेक संतों का मंत्री रावत ने माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ा और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

**केकड़ी संवाददाता के अनुसार :** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में शुक्रवार को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर केकड़ी में सब्जी मंडी स्थित गांधी पार्क में पंचकुंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष योग साधकों ने भाग लिया और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। प्रात:काल नियमित योग कक्षा के दौरान आरंभ हुए महायज्ञ को यज्ञमुनि कपूरचंद सोनी व भारत स्वाभिमान के जिला संयोजक सत्यनारायण सोनी ने वैदिक विधि-विधान से संपन्न करवाया। यज्ञ से पूर्व योग शिक्षक जे.पी. सोनी द्वारा सभी साधकों को योगाभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, युवा भारत एवं पतंजलि किसान सेवा केंद्र के सदस्यों ने सामूहिक रूप से भाग लेकर आयोजन को गरिमामय बनाया। यज्ञ स्थल पर आध्यात्मिक वातावरण में मंत्रोच्चार की गूंज के साथ गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई।

कार्यक्रम में जे.पी. सोनी (पतंजलि योग समिति प्रभारी), रक्षा विजय (महिला पतंजलि योग समिति प्रभारी), सोहनलाल सिसोदिया (योग समिति सह प्रभारी), राजेन्द्र विजय (युवा भारत प्रभारी), संरक्षक हरनारायण मंत्री, नौरतमल मूंदड़ा, पदम सांखला, रामचंद्र जेठवानी, डॉ. रामावतार स्वर्णकार, मुरारी गर्ग, भागचंद विजय, संजय सारस्वत, भोजराज धनजानी, राधेश्याम झंवर, कमलेश अग्निहोत्री, योग शिक्षक मनीष नामा, गोपाल शर्मा, दिनेश वैष्णव, गोविंद मूंदड़ा, जगदीश फतेहपुरिया, रामावतार विजयवर्गीय, पद्मावती लालवानी, सुनीता सोनी, भंवर पारीक, प्रभा गर्ग, मीना सोनी, सरिता सोनी, विमला विजय, राधा सोनी, विमला सिसोदिया, जानकी जेठवानी, शकुंतला झंवर, रेखा धनजानी व आशा विजय सहित साधक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी साधकों द्वारा योग शिक्षक जे.पी. सोनी का विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सत्यनारायण सोनी ने कहा कि 'गुरु और शिष्य की परंपरा भारतवर्ष की अमूल्य धरोहर है, जो सदियों से सनातन परंपरा के रूप में जीवित है। आज के यज्ञ के माध्यम से हम सब उस परंपरा को नमन कर रहे हैं। प्रसाद वितरण व गुरु वंदना की।

## जलभराव वाले क्षेत्रों की सुध ली

**अजमेर**, (कासं)। बुधवार रात्री लगभग 9 बजे से को गुरूवार अलसुबह 3 बजे तक मौसम विभाग के ऑरेन्ज अलर्ट के अनुसार अजमेर शहर में मूसलाधार बारिश हुई। उक्त अतिवृष्टि के मध्येनजर रखते हुए निगम आयुक्त द्वारा स्वयं के नेतृत्व में निगम के उपायुक्त, स्वास्थ्य शाखा, गार्डन शाखा ट्राम्बे शाखा व निमार्ण शाखा के प्रभारियों को स्वयं जलभराव वाले स्थानों का मौका निरीक्षण करनें एवं स्थिति के संबंध में जायजा लेना के लिए भेजा गया।

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी पृथ्वीसिंह जोधा ने बताया कि आयुक्त के निर्देशों की पालना में निगम के उपायुक्त स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त स्वास्थ्य निरीक्षक, जमादार, गार्डन शाखा, ट्राम्बे व निर्माण शाखा के प्रभारी एवं अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं अन्य कर्मचारी फील्ड में अपने-अपने सर्किल, वार्ड, क्षेत्रों में प्रत्यक्ष रूप से उपलब्ध रहे एवं जल भराव वाले क्षेत्रों में समस्याओं के निस्तारण कार्य में लगे रहे।


**NAME CHANGE**

I Army No.15716371L, NK, A Purushotham R/o T C Agraharam, Padiredu, Vadamalapeta, Chittoor, A.P. 517551 have change my Daughter's name from A Vedhvika Reddy to Aravam Vedhvika Reddy affidavit no BZ920013 dt 10/07/2025 at court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I Army No.15716371L, NK, A Purushotham R/o T C Agraharam, Padiredu, Vadamalapeta, Chittoor, A.P. 517551 have change my Son's name from A Thijwal Reddy to Aravam Thijwal Reddy affidavit no BZ920012 dt 10/07/2025 at court campus Nasirabad

**आम सूचना**

मेर पिताजी छोटू पुत्र हीरा जाति भील निवासी ग्राम अलमास की मृत्यु दिनांक 01.01.1995 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम अलमास में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत देवपुरी में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे पिता छोटू भील का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी। -प्रार्थी- श्योजी पुत्र छोटू भील निवासी ग्राम अलमास तहसील अरांई,अजमेर

**कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाडा (राज0)**

भीलवाडा रोड रोडवेज बस स्टैण्ड के पास

E-Mail ID-combebp@yahoo.in npbgulabpura@gmail.com Telephone No.01483-223079

क्रमांक/न०पा०गु०/2025/रेफरेन्स नंबर — **लोक सूचना** — दिनांक: यथा हस्ताक्षर

आवेदकगण श्री सत्यनारायण पुत्र श्री बंशीलाल वैष्णव निवासी हवा महल रोड, बड़ी नागफणी के पास,अजमेर इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है,अर्थात-

| जिले सहित | तहसील का नाम | ग्राम का नाम खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| राजस्व ग्राम हुरडा सेजा | हुरडा | राजस्व ग्राम हुरडा सेजा के खसरा संख्या-4992/1453 | कुल क्षेत्रफल 0.1619 हेक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गयी। -प्राधिकारी अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका गुलाबपुरा

**आम सूचना**

मैसर्स सोनी मार्बल इण्डस्ट्रीज, जी-19 (ए) व 20, इण्डस्ट्रियल एरिया, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर राज. जो कि रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस् के पास रजिस्ट्रेशन नं. RF/AJM/2025/2116 से पंजीकृत है। इस फर्म में साझेदारी विलेख दिनांक 21/09/2021 के अनुसार निम्न साझेदार थे-1. गोरधन लाल सोनी पुत्र श्री बिहारी लाल जी सोनी निवासी भाट मौहल्ला, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.)। 2. किरण देवी सोनी पत्नी श्री गोरधन लाल सोनी निवासी भाट मौहल्ला, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.)। दिनांक 03.07.2025 को नया साझेदारी विलेख निष्पादित किया गया जिसमें फर्म में आपसी सहमति से नवीन साझेदार को सम्मिलित होना तय किया- 1. मनोज भंसाली पुत्र श्री कृष्ण अवतार भंसाली निवासी भंसाली भवन, जयपुर रोड़, घूघरा, अजमेर (राज.)। (नवीन साझेदार) 2. अनूप कुमार मून्दड़ा पुत्र श्री सत्यनारायण जी निवासी माहेश्वरी मोहल्ला, पुराणा शहर, किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.) 305802 (नवीन साझेदार) अब दिनांक 03.07.2025 से उक्त फर्म में निम्न चार साझेदार रह गये है जिनका लाभ/हानि हिस्सा भी निम्न प्रकार से रहेगा: - 1. गोरधन लाल सोनी पुत्र श्री बिहारी लाल जी सोनी निवासी भाट मौहल्ला, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.)। (लाभ/हानि हिस्सा 25प्रतिशत) 2. किरण देवी सोनी पत्नी श्री गोरधन लाल सोनी निवासी भाट मौहल्ला, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.)। (लाभ/हानि हिस्सा 25प्रतिशत) 3. मनोज भंसाली पुत्र श्री कृष्ण अवतार भंसाली निवासी भंसाली भवन, जयपुर रोड़, घूघरा, अजमेर (राज.)। (लाभ / हानि हिस्सा 25प्रतिशत) 4. अनूप कुमार मून्दड़ा पुत्र श्री सत्यनारायण जी निवासी माहेश्वरी मोहल्ला, पुराणा शहर, किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.)। (लाभ / हानि हिस्सा 25 प्रतिशत) अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई भी आपति या ऐतराज होवें तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में अपना ऐतराज/आपत्ती रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, अजमेर पर प्रस्तुत करें बाद में कोई ऐतराज/आपती मान्य नहीं होगा।

(गोरधन लाल सोनी) (साझेदार) (किरण देवी सोनी) (साझेदार) (मनोज भंसाली) (साझेदार) (अनूप कुमार मून्दड़ा) (साझेदार)

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर**

क्रमांक : 414 — जाहिर आम सूचना — दिनांक-12.06.2025

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1/35, अजयनगर, अजमेर क्षेत्रफल 32.16 व.मी. मूल आवंटी श्री दौलतराम पुत्र श्री खेमचंद को आवंटित कर दिनांक 06.04.1985 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री दौलतराम पुत्र श्री खेमचंद द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये इकरारनाम मुख्त्यारनामा एवं वसीयतनामा के श्री घनश्याम दास पुत्र श्री कक्कू को कर दिया गया है। मण्डल द्वारा श्री घनश्याम दास पुत्र श्री कक्कूमल के पक्ष में दिनांक 28.06.2013 को नियमितीकरण के आदेश जारी किए गये। श्री घनश्याम दास पुत्र श्री कक्कूमल द्वारा दिनांक 10.07.2013 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। पंजीयन पश्चात श्री घनश्याम पुत्र स्व. श्री कक्कूमल द्वारा आवास का बेचान श्री रमेश बठेजा पुत्र स्व. श्री हरपालदास बठेजा को दिनांक 09.09.2019 को कर दिया गया है। जो कि पंजीयन की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 607 में पृष्ठ संख्या 195 क्रम संख्या 201903002106419 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2428 के पृष्ठ संख्या 503 से 513 पर दिनांक 09.09.2019 को चस्पा किया गया। अब श्री रमेश बठेजा पुत्र स्व0 श्री हरपालदास बठेजा ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय। चैनल प्रतुत कर स्वयं के नाम दोहरा पल्जीयम उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री रमेश बठेजा पुत्र स्व0 श्री हरपालदास बठेजा का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचारधीन है। अत उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

-सहायक प्रशासनिक अधिकारी, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर


## रामसेतु पर लगे बेरिकेटिंग, यातायात रोका

**अजमेर**, (कासं)। शहर के यातायात को दुरुस्त करने के लिए बनाए गए एलिवेटेड (रामसेतु) ब्रिज की एक भुजा की एक सड़क धंस गई। मामला कोर्ट पहुंचा और कोर्ट के आदेश के बाद ब्रिज पर आवागमन रोक दिया गया। शहर का यातायात करीब सात वर्ष पुराने ग्राउंड लेवल मार्गों पर लौट आया है।

गुरुवार को कचहरी रोड से मार्टिंडल ब्रिज और रेलवे स्टेशन रोड से आगरा गेट पर गाडियों की रफ्तार कछुए-चाल रही। सुबह-शाम कार्यालय और स्कूल टाइम पर दोनों मार्गों पर आधा-आधा किलोमीटर लंबी कतारें लगीं, जिससे राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

यातायात पुलिस ने बाटा तिराहा, जीसीए चौराहा, गांधी भवन व आगरा गेट पर अतिरिक्त नाके लगाए फिर भी जाम से छुटकारा नहीं मिला। कचहरी रोड पर यातायात का भारी दबाव रहता है। लोगों ने बताया कि वर्ष 2018 से पहले यही हाल रहता था, रामसेतु चालू होने पर राहत मिली थी, लेकिन अब वही दुश्वारी लौट आई है। तीन जुलाई को तेज बारिश के बाद महावीर सर्किल भुजा पर करीब पांच फुट मिट्टी खिसक गई थी। जनहित याचिका पर सिविल न्यायाधीश (पश्चिम) मनमोहन चंदेल ने आमजन की सुरक्षा को देखते हुए रामसेतु को सील करने का अन्तरिम आदेश दिए। इस आदेश के बाद जिला कलेक्टर एवं स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के सीईओ लोकबंधु ने अगली सुनवाई तक आवागमन बंद करने के आदेश दिए।

एडीएम (सिटी) की कमेटी ने प्राथमिक रिपोर्ट में बताया कि रिटेनिंग वॉल के वीप होल गलत ऊंचाई पर हैं, कॉम्पैक्शन घटिया रहा। पानी के साथ बुरड़ा मिट्टी व गिट्टी बहने से खोखली परत बनी और सडक् धंस गई। समग्र तकनीकी ऑडिट के लिए एमएनआईटी जयपुर को पत्र भेजा गया है। एनएचएआई विशेषज्ञ को भी जांच का हिस्सा बनाया जाएगा।

रामसेतु बंद होते ही रोडवेज व माल वाहनों को बाहरी मार्गों से रवाना किया गया, लेकिन निजी बसें स्टेशन रोड से आगरा गेट तक परिवहन करती नजर आई। जिसकी वजह से गांधी भवन फव्वारा सर्किल पर जाम के हालात बने रहे। कुछ स्थानों पर लोग ट्रैफिक जवानों से उलझते नजर आए। कलेक्टर लोकबंधु ने कहा कि एमएनआईटी की रिपोर्ट आए बिना आवागमन बहाल नहीं होगा। सुरक्षा सर्वोपरि है। पूर्व में तीन सदस्य जांच कमेटी बनाई गई थी। ब्रिज एक्सपर्ट भी बुलाए गए हैं। इसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा।

वहीं ऐलिवेटेड रोड़ (रामसेतु) की खामियों व खस्ताहाल होने पर जान माल की सुरक्षा को लेकर अदालत में दायर याचिका पर बुधवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने एलिवेटेड रोड की सभी भुजाओं पर यातायात के लिए 11 जुलाई तक रोक लगाने के आदेश दिए है। मामले की अगली सुनवाई भी 11 जुलाई को होगी। ऐलिवेटड रोड के बंद होने से गुरूवार को दिनभर शहर में यातायात का दबाव रहा, जिसके कारण आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

एडवोकेट विवेक पाराशर ने बताया कि प्रकरण में मंगलवार को भी सुनवाई हुई थी, लेकिन अदालत से नोटिस जारी होने और चस्पा होने के बाद भी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के सीईओ यानि जिला कलेक्टर व नगर निगम का कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं होने के कारण अदालत ने संबंधित पक्षों को सुनने से इंकार करते हुए एक तरफा निर्णय का फैसला लिया था। इसके बुधवार को जिला कलेक्टर व निगम के प्रतिनिधि अदालत में हाजिर हुए और उन्होंने अपनी भूल स्वीकार करते हुए सुनवाई का मौका दिए जाने के लिए अदालत में अर्जी लगायी थी। याचिकाकर्त्ताओं ने अदालत को कहा कि संबंधित पक्षों को एक मौका देकर उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। कलेक्टर और नगर निगम की ओर से एक ही अधिकारी ने नगर निगम व कलेक्टर की ओर से अलग अलग लिखित जवाब पेश किया। याचिकाकर्त्ताओं ने लिखित जवाब पर बहस करने को कहा।

## मखमली कपड़े पर तैयार की कुरान

**अजमेर**, (कासं)। सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह अजमेर जियारत करने आए बेंगलुरू निवासी दो बहने सुरैया कुरैशी और बीबी तबस्सुम ने गुरुवार को ख्वाजा साहब की दरगाह में दुर्लभ कलाकृति पेश की, जिसे तैयार करने में उन्होंने साढ़े पांच वर्ष का समय लगा।

दोनों ने बहनों ने वेलवेट कॉटन (मखमली) कपड़े पर सुई-धागे से पवित्र कुरान की आयतें रेशमी धागों से उकरे हैं। छह जिल्दों में विभाजित यह हस्त-निरूपित कुरान दरगाह के खादिम सैयद सलमान चिश्ती की मौजूदगी में जायरीनों को दिखाया गया। कलात्मक बुनावट देख जायरीन अभिभूत रह गए।

दरगाह जियारत करने आई सुरैया ने बताया कि हर आयत की सिलाई से पहले वजू किया गया, फिर सुनहरे रेशमी धागे से अरबी अक्षर उकेरे गए। इबादत के इस सफर में ख्वाजा साहब की रहमत और मदीना शरीफ़ की मुहब्बत हमारी ताक़त बनी रही। दोनों बहनों ने दरगाह के लिए विशेष मखमली चादर भी तैयार की है, जिस पर कलमा-ए-तौहीद, पंजतन पाक के नाम और ख्वाजा गरीब नवाज कसीदे गढ़े हैं। यह चादर मजार शरीफ पर पेश की गई।

कुरैशी बहनों की ख्वाहिश है कि यह अनमोल कुरान शरीफ प्रधानमंत्री कार्यालय के माध्यम से सऊदी अरब के पवित्र शहर मदीना मुनव्वरा भेजा जाए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पीएमओ को आवेदन भेजा जा चुका है और दरगाह कमेटी ने भी सहयोग का भरोसा जताया है।

### झाड़ियां व घास हटी

**अजमेर**, (कासं)। नगर निगम अजमेर ने गुरूवार को जयपुर रोड स्थित नगर नियोजन भवन के पास सर्विस रोड के पास लगी झाड़ियां व गाजर घास से लोगों में होने वाली मौसमी बिमारियों फैलने की आंशका को देखते हुए जेसीबी की मदद से झाड़ियां व गाजर घास को साफ करवाकर आमजन को राहत प्रदान की है।

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी पृथ्वीसिंह जोधा के संज्ञान में आने पर, उनके निर्देश पर क्षेत्रीय जमादार तुरंत जेसीबी लेकर जयपुर रोड स्थित नगर नियोजन भवन के पास लेकर पहुंच व गाजर घास व झाड़ियो को साफ किया।

### पौधारोपण

**सरवाड़**, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य हंसराज फुलवारी ने बताया कि विद्यालय के 300 बच्चों को पांच पांच पौधे वितरित किए गए।

## जे.एल.एन. अस्पताल का ड्रेनेज सिस्टम बिगड़ा

**अजमेर**, (कासं)। शहर में बीती रात हुई मूसलाधार बारिश ने संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय की बदहाल ड्रेनेज व्यवस्था की पोल फिर खोल दी।

तडके चार बजे तक बारिश थम चुकी थी, लेकिन ग्राउंड फ्लोर स्थित ओपीडी ब्लॉक में पानी ही पानी नजर आया। सुबह नियमित रजिस्ट्रेशन का वक्त जैसे-जैसे नजदीक आया, बीमार मरीजों और तीमारदारों को बरसाती पानी लांघ कर पर्ची बनवानी पड़ी।

पानी के साथ मिट्टी और शैवाल भी वार्ड के गलियारों तक पहुंचे। फर्श पर फिसलन इतनी थी कि वरिष्ठ नागरिक गौरीशंकर शर्मा दवा काउंटर के सामने गिर पड़े, गनीमत रही कि आस-पास खड़े लोगों ने उठा लिया। ईएनटी विभाग के सामने भी दो महिलाएं फिसलती नजर आई। धोलाभाटा से आए एक मरीज सुनीता कंवर ने बताया कि इतने बड़े अस्पताल में पानी की निकासी सही नहीं होने से परेशानी हो रही है, चारों और गंदगी फैली है, इससे संक्रमण का भी खतरा बना हुआ है।

सुबह सात बजे सफाई स्टाफ अस्पताल पहुंचा। हाथों में झाडू और वाइपर लिए पानी निकालते नजर आए। वार्ड-बॉय जगदीश ने बताया कि पिछली बारिश में भी यही हाल हुआ था। मेन ड्रेनेज लाइन जाम है, पानी निकलने का रास्ता ही नहीं।

पानी की सही निकासी नहीं होने पर भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई जगह पर ड्रेनेज का लेवल भी ऊपर-नीचे है, ऐसे में बरसाती पानी की निकासी अवरूद्ध हो जाती है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे ने माना कि बारिश के बाद जलभराव गंभीर समस्या है। अस्पताल परिसर में सिवरेज और एसटीपी का काम चल रहा है, जिसकी वजह से परेशानी आ रही है। इस समस्या का जल्द ही समाधान निकाला जाएगा।

नारी शाला व्यापारिक एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन सैनी और सरदार भजन सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को सुभाषनगर, अशोक नगर के मुख्य मार्ग सहित अन्य मार्गो पर बरसात के भरे पानी से व्यापारियों और आम नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानी को लेकर जिला प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है।

सरदार भजन सिंह ने बताया कि मुख्य मार्ग पर कई दिनो तक पानी भरा रहने का समाधान निगम और जिला प्रशासन द्वारा नहीं करवाया जाता है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सिरोंज**

पंचायत समिति अराई,जिला अजमेर

क्रमांक :71 — **आपत्ति आमंत्रण सूचना** — दिनांक :10.07.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत के निम्न निवासियों द्वारा कार्यालय में पट्टा विलेख हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, निम्न के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति, दावा, इजलास प्रस्तुत करता है तो इस नोटिस की अवधि के 30 दिवस (दिनांक 10.08.2025) तक कार्यालय में प्रस्तुत करें। मियाद अविध पश्चात किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः सभी सूचित रहे-

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | ग्राम | पत्रावली संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | रामस्वरूप/रामदेव बैरवा | सिरोंज | 79/24-25 |
| 2 | लालचंद्र/बंशीलाल हरिजन | सिरोंज | 80/24-25 |
| 3 | बन्नाराम/रामपाल बैरवा | सिरोंज | 93/23-24 |
| 4 | सुशीला/मोहन बैरवा | सिरोंज | 35/24-25 |
| 5 | श्योजी/रामकिशन जाट | गोली | 42/23-24 |
| 6 | सुरज्ञान/भागचंद जाट | जुगलीपुरा | 104/23-24 |
| 7 | भागचंद/रत्न | जुगलीपुरा | 105/23-24 |
| 8 | गणेश/छीतर जाट | गोली | 20/24-25 |
| 9 | रामेदव/हजारी बैरवा | सिरोंज | 31/24-25 |
| 10 | रामप्रताप/छोटू | सिरोंज | 217/21-22 |
| 11 | रामफूल/शिवजीराम | सिरोंज | 88/23-24 |
| 12 | नाथू लाल/जतन लाल जैन | सिरोंज | 78/24-25 |
| 13 | रामस्वरूप/रामदेव बैरवा | सिरोंज | 79/24-25 |
| 14 | लालचंद/बंशीलाल हरिजन | सिरोंज | 80/24-25 |
| 15 | रामप्रताप/छोटू लाल | सिरोंज | 81/24-25 |
| 16 | हीरा/श्योजी जाट | सिरोंज | 82/24-25 |
| 17 | बरजी/सोनी जाट | सिरोंज | 83/24-25 |
| 18 | रामप्रसाद,श्योकरण,हरकरण/माना, दलभर, विष्णु जाट | गोली | 84/24-25 |
| 19 | बंशीलाल, महावीर प्रसाद, रघुवीर, महेन्द्र/मोहन लाल मेघवंशी | गोली | 85/24-25 |
| 20 | विमलेश कंवर/महावीर सिंह | गोली | 86/24-25 |
| 21 | प्रदीप/धर्मपाल चौधरी | जुगलीपुरा | 87/24-25 |
| 22 | धर्मपाल/बंशीलाल चौधरी | जुगलीपुरा | 88/24-25 |
| 23 | मुकेश/घीसा जाट | जुगलीपुरा | 89/24-25 |
| 24 | भागचंद/घीसा जाट | जुगलीपुरा | 90/24-25 |
| 25 | नेराज/मुकेश बैरवा | गेहलपुर | 91/24-25 |
| 26 | राजी/पप्पू बैरवा | गेहलपुर | 92/24-25 |
| 27 | भंवर सिंह/गुमान सिंह राठौड़ | गोली | 93/24-25 |
| 28 | किशन सिंह/भंवर सिंह | गोली | 95/24-25 |
| 29 | नोरत/बख्तावर | गोली | 96/24-25 |
| 30 | फोरता/सीताराम बैरवा | जुगलीपुरा | 152/21-22 |
| 31 | भंवर/बख्तावर | गोली | 97/24-25 |
| 32 | रामकिशन/गणेश जाट | जुगलीपुरा | 98/24-25 |
| 33 | श्रवण/गणेश जाट | जुगलीपुरा | 99/24-25 |
| 34 | सत्यराम/अखराम जाट | जुगलीपुरा | 100/24-25 |
| 35 | तेजू राम/भिवाड़ा | सिरोंज | 101/24-25 |
| 36 | काली देवी/कानाराम जाट | जुगलीपुरा | 01/25-26 |
| 37 | कैलाशचंद/रतनलाल जाट | जुगलीपुरा | 02/25-26 |
| 38 | जयनारायण/जतन लाल कुम्हार | सिरोंज | 03/25-26 |
| 39 | गीता/गणपत बैरवा | सिरोंज | 34/24-25 |

पटवारी हल्का-सिरोंज,गेहलपुर को देकर लेख है कि आबादी भूमि सीमा से बाहर स्थित आवेदनों की रिपोर्ट से कार्यालय ग्राम पंचायत सिरोंज को अवगत कराए।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सिरोंज पं.स.अराई, जिला अजमेर — प्रशासक, ग्राम पंचायत सिरोंज पं.स.अराई, जिला अजमेर


## नसीराबाद मुक्ति धाम रोड बदहाल

**नसीराबाद**, (निसं)। नसीराबाद कस्बे को श्मशान भूमि (मुक्ति धाम) से जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग बदहाली की इंतहा पर पहुंच गया है।

बीते एक साल से यह सड़क गड्ढों में तब्दील है और हर दिन राहगीरों के लिए खतरा बनती जा रही है। बारिश में गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क की गहराई का अंदाजा नहीं लगता, जिससे फिसलन और दुर्घटनाओं का जोखिम और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस रास्ते से स्कूल बसें, शवयात्राएं, एंबुलेंस और दुपहिया वाहन सभी गुजरते हैं, लेकिन बदहाल सड़क ने सबकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

गुरुवार को सड़क की खराब हालत ने एक और हादसे को जन्म दिया। गड्ढों से बचने की कोशिश में एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े विद्युत पोल से टकरा गया। जोरदार टक्कर से पोल क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और चालक बाल-बाल बच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर ट्रेलर पलट जाता या पोल गिरकर बिजली के तार टूटते, तो बड़ी जनहानि हो सकती थी। इसके बावजूद विभागीय अफसर बेखबर बने हुए हैं।

गुरुवार की घटना के बाद लोगों का गुस्सा और भड़क उठा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सड़क दुरुस्त नहीं की गई तो वे आंदोलन करेंगे।

एक स्थानीय निवासी ने कहा कि यह रास्ता मुक्ति धाम का मुख्य मार्ग है। शवयात्रा तक इन्हीं गड्ढों से होकर गुजरती है। बड़ी परेशानी है।